अखिल भारतीय आयुर्विज्ञान संस्थान ऋषिकेश - 249203
All India Institute of Medical Sciences Rishikesh-249203

पत्रांक : एम्स/ऋषि./203/2026/प्र.अ./का.आ./ 1233 दिनांक : 13.06.2026

कार्यालय आदेश

आयुष मंत्रालय, भारत सरकार के अर्ध-शासकीय पत्र संख्या M-16011/8/2026-YN दिनांक 12 मार्च 2026 एवं स्वास्थ्य एवं परिवार कल्याण मंत्रालय द्वारा जारी कार्यालय ज्ञापन दिनांक 25 मई 2026 के अनुसार, 12वें अंतर्राष्ट्रीय योग दिवस 2026 के उपलक्ष्य में, आयुष मंत्रालय भारत सरकार द्वारा देश भर में योग के प्रति जनभागीदारी और जागरूकता बढ़ाने के लिए एक स्वायत्त संगठन, मोरारजी देसाई राष्ट्रीय योग संस्थान से करार कर, जनता के लिए 100 दिनों के निःशुल्क लाइव योग सत्र आयोजित किया जा रहा है । यह पहल मंत्रालय के योग 365 अभियान का हिस्सा है, जिसका उद्देश्य योग को एक राष्ट्रीय आंदोलन के रूप में बढ़ावा देने के साथ ही योग दिवस को विश्व रिकार्ड बनाये जाने और इसे साल के 365 दिन व्यक्तियों के दैनिक जीवन में शामिल करना है ।

उपरोक्त को ध्यान में रखते हुए, इस पहल के तहत लाइव योग सत्रों में सक्रिय रूप से भाग लेने के लिए अपना पंजीकरण मंत्रालय के बनाए गए लिंक https://moa.habit.yoga?ref=moMoHfW अथवा टोल-फ्री नंबर 18003157008 पर काल कर सकते हैं । उक्त लाइव योग सत्रों में भागीदारी न केवल स्वास्थ्य और तंदुरुस्ती में योगदान देगी, बल्कि अंतर्राष्ट्रीय योग दिवस, 2026 के देशव्यापी उत्सव को भी मजबूत करेगी ।

अतः संस्थान में कार्यरत समस्त विभागाध्यक्षों, फैकल्टी सदस्यों, रेजीडेंट्स, अधिकारियों एवं कर्मचारियों से अनुरोध है कि भारत सरकार के अंतर्राष्ट्रीय योग दिवस 2026 के 12वें अंतर्राष्ट्रीय योग दिवस को विश्व रिकार्ड बनाये जाने के उद्देश्य के प्रयास में सम्मिलित होने हेतु इस आदेश के जारी होने के एक सप्ताह के भीतर टोल फ्री नं0 अथवा उक्त लिंक पर अपना पंजीकरण कराना सुनिश्चित करें, जो न केवल व्यक्तिगत स्वास्थ्य और कल्याण में योगदान देगा, अपितु, 12वें अंतर्राष्ट्रीय योग दिवस के राष्ट्रव्यापी उत्सव को भी मजबूत करेगा ।

सक्षम अधिकारी की अनुमति से जारी ।

13/06/2026

(सुभाष चौहान)
कार्यवाहक प्रशासनिक अधिकारी

प्रतिलिपि : सूचनार्थ

1. प्रधान निजी सचिव, कार्यकारी निदेशक महोदया
2. संकायाध्यक्ष (शैक्षिक)/उप-निदेशक (प्रशासन)/चिकित्सा अधीक्षक/अधीक्षण अभियंता
3. समस्त विभागाध्यक्ष/प्राचार्या, नर्सिंग कालेज
4. समस्त फैकल्टी/रेजीडेंटस
5. कुलसचिव/जनसम्पर्क अधिकारी/वरि. लाईब्रेरियन/जन-सम्पर्क अधिकारी/वरि. लेखाधिकारी/वरि.क्रय कम भण्डार अधिकारी/आहरण एवं वितरण अधिकारी/ वरि. प्रशासनिक अधिकारी /मुख्य परिचर्या अधिकारी/विधि अधिकारी/लेखाधिकारी/भण्डार अधिकारी/अधिशाषी अभियंता/उप मुख्य सुरक्षाधिकारी/सुरक्षाधिकारी
6. इंचार्ज, वैबसाइट सैल /नोटिस बोर्ड